तापमान
अधिकतम 38.0 डिग्री
न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि

रोहतक, शनिवार, 10 मई 2025

12 मिस्टर एमसीआई बने हरमन, निखिल को मिस्टर ईव का मिला खिताब



12 डीएवी स्कूल में मातृ दिवस पर आयोजित हुआ कार्यक्रम



### हवाई हमले का इनपुट मिलने के बाद पुलिस भी चौकस

# संदिग्धों पर नजर, लगातार चल रहा चेकिंग अभियान

## सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ की जाएगी ठोस कार्रवाई : एसपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- लोगों को भी अलर्ट रहने के लिए किया प्रोत्साहित

पाक की ओर से हवाई हमले का इनपुट मिलने के बाद पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। अब पुलिस की ओर से सभी सार्वजनिक स्थलों के साथ बाहर से आने वाले लोगों पर नजर रखी जा रही है। खासकर वाहनों की सघन तलाशी ली जा रही है।

एसपी अजीत सिंह शेखावत ने बताया कि सुरक्षा को मध्यनजर लगातार चेकिंग अभियान चलाए जा रहे हैं। आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने, कानून व्यवस्था बनाए रखने, संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान करने के लिए सभी बस अड्डों, रेलवे स्टेशनों, होटल, ढाबों, धर्मशालाओं, टैक्सी स्टैंड, सरांय , मॉल, बाज़ारों व भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान चलाकर पूछताछ की जा रही है। आमजन को जागरूक भी किया जा रहा है । एसपी ने जनता से अपील करते हुए कहा कि उनके आसपास किसी भी प्रकार की संदिग्ध वस्तु या व्यक्ति दिखे तो उसकी सूचना तुरंत नजदीकी पुलिस थाना या डायल-112 पर दें ताकि समय रहते उचित कार्रवाई अमल में लाई जा सके। उन्होंने सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश देते हुए कहा कि अगर कोई सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाता है, आमजन में डर पैदा करता है या भड़काऊ ब्यान देता है तो ऐसे लोगों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की जाए।

उन्होंने आमजन से कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें। पुलिस आपकी सेवा, सुरक्षा और सहयोग के लिए सदैव तत्पर है। किसी भी असहज स्थिति में तुरंत डायल-112 पर संपर्क करें।


**अंबाला।** संदिग्धों के सामान की तलाशी लेते पुलिस के जवान।

**थाना प्रबंधकों को निर्देश**

एसपी अजीत शेखावत ने सभी प्रबंधक थाना को निर्देश दिए हैं कि वह अपने-अपने थाना क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा सर्च अभियान चलाकर संदिग्ध व्यक्तियों की जानकारी प्राप्त करें। सभी एजेंसियों को भी सूचनाएं एकत्रित कर उचित कार्रवाई करने की बात कही गई है।

**खबर संक्षेप**

### कबूतरबाजी के मामले में एक काबू, रिमांड पर लिया

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज कबूतरबाजी के मामले में आर्थिक अपराध शाखा ने आरोपी अफताब अली को गिरफ्तार किया है। उसे एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। कच्चा बाजार के तरूण ने 9 जनवरी 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 3 जुलाई 2024 से 21 अक्तूबर 2024 के दौरान आरोपी अजय कुमार व अन्य ने विदेश भेजने के मामले में उससे 14 लाख 10 हजार रूपये की रकम हड़पने की धोखाधड़ी करने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### रोष प्रदर्शन कर आशा वर्कर्स ने सौंपा ज्ञापन




**पानीपत।** आशा वर्कर्स यूनियन जिला कमेटी के नेतृत्व में जिला सीएमओ कार्यालय पर मांगों को लेकर आशा वर्कर्स ने रोष प्रदर्शन करते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के राज्य निदेशक के नाम लिखित मांग पत्र और हड़ताल नोटिस सीएमओ पानीपत के माध्यम से भेजा। प्रदर्शन का नेतृत्व आशा वर्कर्स यूनियन की राज्य महासचिव सुनीता, सीटू, आशा वर्कर्स यूनियन जिला कमेटी की कार्यकारी प्रधान बंटी, जिला सचिव सुशीला, सुमन, उप प्रधान मनजीत, सीमा शर्मा आदि ने किया। राज्य महासचिव सुनीता ने कहा कि हरियाणा में देश की जनता की सेवा करने वाली आशा वर्कर्स का भाजपा नेतृत्व वाली हरियाणा सरकार लगातार आर्थिक शोषण कर रही है।

### चलती बस से गिरा ड्राइवर, उपचार के दौरान मौत

**कुरुक्षेत्र।** इस्माईलाबाद में चलती बस से उसका ड्राइवर नीचे गिर गया। ड्राइवर के नीचे गिरते ही बस उसके ऊपर से निकल गई। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। ड्राइवर के साथ बैठे उसके मौसी के बेटे ने बस को रोककर एक्सीडेंट होने से बचाया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया।

महाराष्ट्र के जिला अकोला के शेख इमरान खान के मुताबिक, वह व्हीकल बनाने वाली कंपनी में ड्राइवर है। उसका मौसी का बेटा शबीर खान भी उसके साथ ही काम करता था। वे दोनों कंपनी की बॉडी बगैर वाली बसें हैदराबाद से लेकर जयपुर और लुधियाना छोड़ने के लिए चले थे। बस को शबीर खान चला रहा था और वह उसके साइड में बैठा था। वीरवार दोपहर बस का संतुलन बिगड़ने से शबीर खान नीचे गिर गया। नीचे गिरते ही बस उसके ऊपर से निकल गई।

## दो बाइक आमने-सामने भिड़ीं, दो युवकों की मौत

- गांव चाहड़वाला के पास देर शाम हुआ हादसा
- हादसे में दोनों बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

गांव चाहड़वाला के पास देर शाम बाइकों की आमने सामने की भिडंत में दो युवकों की मौत हो गई। दोनों युवक देर शाम अपने-अपने काम से बाइकों पर घर लौट रहे थे। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करवा परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी।

पुलिस के अनुसार गांव ढलौर निवासी 22 वर्षीय निखिल ने आईटीआई की पढ़ाई पूरी की थी। निखिल यमुनानगर की इस्जैक कंपनी में अप्रेंटिस के रूप में कार्य करता था। वह देर शाम इस्जैक से छुट्टी कर अपनी बाइक पर घर लौट रहा था। जब वह गांव चाहड़वाला के पास पहुंचा तो उसकी बाइक की टक्कर सामने से तेज गति से बाइक लेकर आ रहे गांव शेरपुर सुलखनी निवासी 24 वर्षीय राहुल की बाइक के साथ हो गई। राहुल कार मैकेनिक का काम करता था। हादसा इतना जबरदस्त था कि दोनों बाइकें पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। हादसे में निखिल व राहुल गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगिरों ने हादसे की सूचना डायल 112 को दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस टीम ने एंबुलेंस की सहायता से दोनों को जगाधरी के सिविल अस्तपाल में भर्ती करवाया। जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने हादसे की सूचना मृतक युवकों के परिजनों को दी। पुलिस ने शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम करवा कर परिजनों को सौंप दिया।

## झोपड़ी में आग लगने से महिला की मौत, पति झुलसा

- शहजादपुर अनाजमंडी के पीछे बनी झोपड़ी में हुआ हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

शुक्रवार की सुबह शहजादपुर अनाजमंडी के पीछे बनी एक झोपड़ी में अचानक आग लगने से एक महिला की मौत हो गई। आगजनी में महिला का पति गम्भीर रूप से घायल हो गया। उसे सीएचसी शहजादपुर में लाया गया जहां से प्राथमिक उपचार के उपरांत उसे अम्बाला शहर सिविल अस्पताल में रेफर कर दिया गया।

पुलिस ने बताया कि अनाज मंडी के पीछे बनाई गई एक झोंपड़ी में बिहार निवासी 62 वर्षीय दुखारी तथा उसकी पत्नी 60 वर्षीय राधा देवी रहते थे। जो कि मेहनत मजदूरी कर अपना जीवन यापन कर रहे थे। सुबह अचानक उनकी झोंपड़ी में आग लग गई । आग इतनी भयंकर थी कि राधा देवी की इस आग में झुलसने से मौत हो गई। उसका पति दुखारी गम्भीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर मौका पर पहुंची दमकल विभाग की गाड़ी ने भारी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इसी दौरान पुलिस भी मौके पर पहुंच गई जिन्होंने दुखारी को उपचार के लिए सीएचसी में पहुंचाया। आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है।

### राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन शुरू

**पानीपत।** पीएम राष्ट्रीय बाल पुरस्कार 2026 के लिए आवेदन शुरू किए गए हैं। जिसके लिए अंतिम तिथि 31 जुलाई 2025 रखी गई है। डीसी डॉ.वीरेंद्र कुमार दहिया ने बताया कि 5 से 18 वर्ष तक के बच्चे जिनकी बहादुरी, खेल, विज्ञान, समाज सेवा, कला-संस्कृति या पर्यावरण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हैं, वे प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन कर सकते हैं।

चयनित बच्चों को जनवरी 2026 में राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार में मैडल और प्रशस्ति पत्र शामिल हैं। अवार्ड की घोषणा 26 दिसंबर 2025 को राष्ट्रीय वीर बाल दिवस के अवसर पर की जाएगी।

### जंग ए हालत को देखते हुए आईएमए की पहल

# 25 डॉक्टरों की आपातकालीन टीम बनाई

- स्वेच्छा से जुड़े डॉक्टर बोले कि यह हमारा राष्ट्र धर्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

देश में बन रही संभावित युद्ध जैसी स्थिति को देखते हुए इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) करनाल शाखा ने एक विशेष मेडिकल टीम का गठन किया है।

यह पहल इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आह्वान पर की गई है। टीम में करनाल जिले के विभिन्न चिकित्सा विभागों से लगभग 25 विशेषज्ञ डॉक्टरों को शामिल किया गया है, जो किसी भी आपातकालीन स्थिति में 24x7 निःशुल्क सेवाएं देने के लिए तैयार रहेंगे। करनाल के अध्यक्ष डॉ. दीपक प्रकाश ने बताया कि कोविड महामारी के दौरान जैसे डॉक्टरों ने सेवा भावना से कार्य किया था, उसी भावना के साथ अब भी आईएमए की यह टीम देश और समाज की सेवा के लिए पूरी तरह तैयार है। सचिव डॉ. गौरव भास्कर ने बताया कि अब तक करीब 25 डॉक्टरों ने इस टीम में स्वेच्छा से शामिल होने की इच्छा जताई है। इन सभी का चयन अलग-अलग विशेषज्ञ विभागों को ध्यान में रखकर किया गया है, ताकि किसी भी प्रकार की चिकित्सा ज़रूरत को तुरंत पूरा किया जा सके।

**ग्रुप बी चेस में लड़कियों में लोटस सदन प्रथम**

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन करनाल की मीडिया प्रभारी डॉ. रंजना शर्मा ने बताया कि इस विशेष टीम की सूची जिला सिविल सर्जन और उपायुक्त को सौंप दी गई है। इसका उद्देश्य संभावित संकट की स्थिति में आम जनता को तेज, संगठित और भरोसेमंद चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराना है। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन करनाल की यह पहल जिले में एक सकारात्मक और सतर्क कदम है, जिससे किसी भी आपातकालीन स्थिति में नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकेंगी। करनाल हर प्रकार की आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

Under the aegis of RPS Education Society, M/Garh

RPS GROUP OF INSTITUTIONS

RPSGOI

Approved by AICTE/DGHE (Govt. of India) & Affiliated to IGU Rewari/HSBTE, Panchkula

ENGINEERING | POLYTECHNIC | MANAGEMENT | DEGREE COLLEGE | VETERINARY

Indira Gandhi University Meerpur, Rewari
इंदिरा गाँधी विश्वविद्यालय मीरपुर, रेवाड़ी

NAAC NATIONAL ASSESSMENT AND ACCREDITATION COUNCIL

APPROVED BY DGHE / GOVT. OF HARYANA

LALA LAJPAT RAI UNIVERSITY OF VETERINARY AND ANIMAL SCIENCES, HISAR
लाला लाजपतराय पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, हिसार

VETERINARY COUNCIL OF INDIA

APPROVED BY ALL INDIA COUNCIL FOR TECHNICAL EDUCATION

One of the Premier & Biggest Educational Groups of Northern India

TOTAL INSTITUTIONS 24
TOTAL STUDENTS 55K+
TOTAL ALUMNI 40K+
HIGHEST PACKAGE 46 LPA
TOTAL COURSES 33

Super Achievements 2024-25

GATE NET/JRF 37 Students
GOLD MEDALISTS OF I.G. UNIVERSITY 26 Students
IIT / JAM 34 Students
UNIVERSITY POSITIONS 383+ Students

Begin your College Journey towards a Glorious Future...

SUNDAY, 25th MAY, 2025
TIMING : 10:00 AM ONWARDS
VENUE : RPS COLLEGE CAMPUS

Announces
TALENT HUNT Cum SCHOLARSHIP TEST
(To get into Higher Studies)
for XII PASSED OUT STUDENTS
ALL STREAMS

NO REGISTRATION FEE

You can Win Prizes worth Lakhs of Rupees & upto 100% Scholarship

| STREAM | 1st Prize | 2nd Prize | 3rd Prize |
|---|---|---|---|
| Med./ Non - Med. | Laptop | Tab | Android Phone |
| Arts | Laptop | Tab | Android Phone |
| Commerce | Laptop | Tab | Android Phone |

Scholarship upto 100% in Tuition fee

| STREAM | POSITIONS | SCHOLARSHIP |
|---|---|---|
| SCIENCE ARTS & COMM. | 4th- 5th | 100% |
| | 6th - 10th | 70% |
| | 11th - 20th | 50% |
| SCIENCE & ARTS | 21st- 30th | 30% |
| | 31st - 50th | 20% |

REGISTER ONLINE ON:
www.rpsinstitutions.org
www.rpsdegreecollege.edu.in

For Stream-wise Syllabus, Exam Pattern & Other details
Visit our website: www.rpsinstitutions.org | www.rpsdegreecollege.edu.in

ADMISSIONS OPEN
Session : 2025-26
17 SCHOOLS
CLASSES FROM Nursery to XII

Courses Offered

B.Tech. CSE | CSE AI & ML ECE | ME | CE | EE
M.Tech. CSE | ECE | ME
B.Sc. Major in PHYSICS | CHEMISTRY | MATHS BOTANY | ZOOLOGY
B.V.Sc. & A.H. BACHELOR OF VETERINARY SCIENCE
POLYTECHNIC CE | ME
B.Sc. Hons with Research PHYSICS | CHEMISTRY | MATHS BOTANY | ZOOLOGY
VLDD VETERINARY LIVESTOCK DEVELOPMENT DIPLOMA
BCA | BBA | MBA
M.Sc. PHYSICS | CHEMISTRY | MATHS BOTANY | ZOOLOGY | GEOGRAPHY
B.Ed.
B.Sc. MEDICAL & NON-MEDICAL Physical Science & Life Science
B.A. | B.Com. | M.Com.

WORLD CLASS HOSTEL FOR BOYS & GIRLS (AC/ NON-AC)
BUS FACILITY UPTO 80 KMS.

01285-241430/1/2, 8222888337/8, 8222999153

8th Mile Stone Balana, Mahendergarh, Haryana (NCR)

Continue...

**खबर संक्षेप**

### आज लगने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत स्थगित

**करनाल।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष अजय कुमार शारदा व हालसा पंचकूला के आदेशानुसार 10 मई शनिवार को लगने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत आगामी आदेशों तक स्थगित कर दी गई है। यह जानकारी सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव इरम हसन ने दी।



### सेना की लम्बी आयु के लिए मांग दुआ

**तरावड़ी।** ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर सटीक कार्रवाई कर आतंक की जड़ों को हिलाया गया है। इस ऐतिहासिक कार्रवाई के लिए वीर सेना को दुकानदारों ने कोटि-कोटि बधाई दी। आज उनके मान सम्मान व उनकी रक्षा के लिये तरावड़ी के मेन बाजार के दुकानदारों ने मिलकर हनुमान मन्दिर मे हनुमान चालीसा का पाठ किया। इस अवसर पर कमल गर्ग, संजय गाबा, चमन सिंगला, अशोक लूथरा, साहित बाजार के दुकानदार उपस्थित थे।

# सेना ने कार्रवाई करके आतंक की जड़ों को हिलाया : गुप्ता

## तरावड़ी अनाज मंडी एसो. के प्रधान ने प्रधानमंत्री और भारतीय सशस्त्र बलों को सलाम किया

■ जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 26 नागरिकों की निर्मम हत्या के दो हफ्ते बाद ऑपरेशन सिंदूर के तहत सैन्य हमले किए गए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर सटीक कार्रवाई कर आतंक की जड़ों को हिलाया गया है। इस ऐतिहासिक कार्रवाई के लिए वीर सेना को कोटि-कोटि बधाई और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की साहसिक व राष्ट्रवादी नीति को सलाम। ये है नया भारत आतंक को मुंहतोड़ जवाब।

तरावड़ी अनाज मंडी एसोसिएशन के प्रधान व ओम शिव शंकर सेवा मंडल के सरक्षंक सुभाष गुप्ता ने पत्रकारों से कहा कि हम सभी को भारतीय सेना पर गर्व है, जिन्होंने देर रात को पाकिस्तान में आतंकी ठिकानों को ध्वस्त किया।



**तरावड़ी।** पत्रकारों से बातचीत करते मंडी प्रधान सुभाष गुप्ता व मंडी के आढ़ती भाई

भारतीय फौज ने एयर स्ट्राइक कर पाकिस्तान में चल रहे कई आतंकवादी ठिकानों को ध्वस्त कर दिया, जिसके बाद पूरे देश में खुशी की लहर है। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस मिशन का नाम अपरेशन सिन्दूर रखा है। पहलगाम आतंकी हमले के जवाब में भारतीय सशस्त्र बलों ने बुधवार तडक़े पाकिस्तान और पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में नौ आतंकी ठिकानों पर मिसाइल हमले किए। इनमें जैश-ए-मोहम्मद का गढ़ बहावलपुर और लश्कर-ए-तैयबा का अड्डा मुरीदके शामिल है। जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में 26 नागरिकों की निर्मम हत्या के दो हफ्ते बाद ऑपरेशन सिंदूर के तहत सैन्य हमले किए गए।

उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर का स्वागत किया। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भारतीय सशस्त्र बलों को सलाम किया है। इस अवसर पर शिव शंकर सेवा मंडल के प्रधान दुग्रेश मित्तल, बनवारी लाल काठपाल, राजीव शर्मा, लाला घनशाम दास गर्ग, व मंडी के आढ़ती भाई उपस्थित थे।

## देश की सैन्य शक्ति के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा है आमजनः सन्मीत कौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नीलोखेड़ी


नगरपालिक चेयरमैन सन्मीत कौर आहूजा ने देश की सैन्य शक्ति को कोटी कोटी नम्न करते हुए कहा कि देश की सैन्य शक्ति के साथ कंधे से कंधा मिला देश का हर आमजन साथ खड़ा है। उन्होंने कहा कि देश की सेना यदि सीमाओं पर तैनात है तो आज आमजन स्वयं को सुरक्षित महसूस कर रहे हैं उन्होंने कहा कि आतंकी देश पाकिस्तान के हर प्रयास को देश की सैन्य शक्ति ने हवा में ही विफल कर एक ऐतिहासिक कार्य कर दिखाया है जिसके कारण आज विश्व में भारत एक महान शक्ति के रूप में गणित हो रहा है।

उन्होंने कहा कि इसका बड़ा श्रेय हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है जिन्होंने समर्पण भाव से हमारी सैन्य शक्ति को अत्याधुनिक



■ पाकिस्तान के हर प्रयास को देश की सैन्य शक्ति ने हवा में ही विफल कर ऐतिहासिक कार्य कर दिखाया है

उपकरणों से सुसज्जित किया है और आज भी जिनके लिए देश और देश की जनता सर्वोपरि है। उन्होंने कहा आज एक बड़ा उदाहरण सामने है जिसे देख भारत का हर नागरिक गर्व महसूस कर रहा है कि हमारे प्रधानमन्त्री नरेंद्र मोदी हैं।



**तरावड़ी।** गोयल इंटरनेशनल प्रा. लि. के सीएमडी विनोद गोयल, विजय गोयल और कृष्ण गोयल पत्रकारों से वार्ता करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## ऑपरेशन सिंदूर ने लगाया महिलाओं के जख्मों पर मरहमः विनोद गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

■ बोले : नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के लोग सुरक्षित, चैन की नींद सोते है

गैलेक्सी बासमती चावल के निर्माता और गोयल इंटरनेशनल प्रा. लि. के सीएमडी विनोद गोयल, एमडी विजय गोयल और एमडी कृष्ण गोयल ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान और पीओके में आतंकी ठिकानों पर सटीक कार्रवाई कर आतंक की जड़ों को हिलाया है। इस ऐतिहासिक कार्रवाई के लिए वीर भारतीय सेना के जवानों को कोटि-कोटि बधाई और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की साहसिक व राष्ट्रवादी नीति को सलाम करते हैं। उन्होंने सरकार और सेना की इस कार्रवाई का स्वागत किया है, लेकिन यह भी कहा है कि यह सिर्फ शुरुआत है। उन्होंने कहा सिंदूर ऑपरेशन से देश के प्रधानमंत्री ने उन महिलाओं के जख्मों पर मरहम लगाने का काम किया है जिनके आतंकवादियों ने सुहाग उजाड़ दिए। उन्होंने कहा कि भारत को अभी और बड़ी कार्रवाई करनी चाहिए ताकि आतंकियों को हमेशा के लिए सबक मिले। उन्होंने कहा कि यह आधुनिक भारत है, यह दुश्मनों के घर में घुसकर मारता है, भारत सरकार की नीति रही है कि वह किसी को छेड़ता नहीं है, अगर उसे कोई छेड़े तो वह छोड़ता नहीं है। पहलगाम में आतंकवादियों ने 22 अप्रैल को कहा था कि, मोदी को बता देना। उन्होंने कहा कि भारतीय जल, थल और वायु सेना ने अपने पराक्रम को दिखाया है कि हम पाकिस्तान के अन्दर 100 कि.मी. तक जाकर भी दुश्मनों का सफाया कर सकते हैं। सीएमडी विनोद गोयल, एमडी विजय गोयल और एमडी कृष्ण गोयल ने कहा कि सम्पूर्ण भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में अपने आपको सुरक्षित महसूस करता है।

## बच्चों व परिवार की खुशियों के लिए सब कुछ त्याग देती है मांः प्राचार्या



■ एस.एम.एस.मैमोरियल पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ विद्यालय के प्रांगण में मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

एस.एम.एस.मैमोरियल पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस बड़े हर्षोल्लास के साथ विद्यालय के प्रांगण में मनाया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक सरदार गुरशरण सिंह ग्रेवाल और प्राचार्या डॉ विभा कौशिक ने सरस्वती माता के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया।

इस अवसर पर विद्यालय में रंगारंग कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में छात्रों ने अपनी-अपनी माँ के लिए कविताएँ, नाटक और गीत प्रस्तुत किए। सभी ने अपनी माँ के प्रेम और त्याग के बारे में अपने अनुभव साझा किए। नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं के द्वारा नृत्य प्रस्तुति दी ,जिसने सबका मन मोह लिया। विद्यालय की प्राचार्या डॉ विभा कौशिक ने सभी माताओं को मातृ दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मां को ईश्वर के समान दर्जा दिया गया है। सिर्फ ईश्वर ही नहीं बल्कि वह हमारी गुरु भी होती हैं। बच्चा जब बोलना सीखता है तो वह सबसे पहला शब्द मां या मम्मी ही बोलता है। एक मां न सिर्फ बच्चे को जन्म देती है बल्कि अपने सभी सुखों को छोडक़र उसे पाल पोस कर बड़ा करती है। बच्चों व परिवार की खुशियों के लिए अपना सब कुछ त्याग देती है। मां के इसी त्याग, निस्वार्थ प्रेम और समर्पण को सलाम करने का दिन है। प्रबंधक गुरशरण सिंह ग्रेवाल ने मातृत्व दिवस पर प्रकाश डालते हुए छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए बताया कि मां महिमा का बखान किया।

## डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल मधुबन में मातृदिवस मनाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल मधुबन में मातृ दिवस उल्लास के साथ मनाया गया। कक्षा नर्सरी से लेकर दूसरी तक के विद्यार्थियों एवं उनकी माताओं के लिए विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नन्हे-मुन्नों व माताओं के लिए विभिन्न प्रकार के खेल आयोजित हुए। विजेता माताओं को पुरस्कृत भी किया गया। सभी बच्चे व उनकी माताएं स्टेज पर जमकर थिरके और खूबसूरत लिबास पहनकर कैटवाक भी किया। इसके अलावा कक्षा तीसरी से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने विभिन्न गतिविधियों में भाग लेकर अपनी माताओं के लिए सुंदर कोलाज बनाए व उनके प्रति आभार प्रकट करते हुए खूबसूरत संदेश लिखे। प्रधानाचार्य मंतोष पाल सिंह ने मातृदिवस के अवसर पर कहा कि बच्चे का जीवन बनाने में मां की मुख्य भूमिका होती है। मां ही बच्चे की पहली गुरु होती है। मां का ऋण कभी भी चुकाया नहीं जा सकता।

## गीता मॉडर्न स्कूल में मातृ-दिवस मनाया

■ बच्चों ने सुंदर कार्ड , पोस्टर और गुलदस्ते बनाकर सभी का मन मोह लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तरावड़ी

गीता मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल में मातृ -दिवस के उपलक्ष्य में भव्य एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों ने मातृ- दिवस को लेकर मधुर स्वर में कविताएं, भाषण, मंच नाटक, गीत, नृत्य प्रस्तुत किया।

मातृ- दिवस के उपलक्ष्य में विद्यालय में कार्ड मेकिंग ,पोस्टर मेकिंग ,गुलदस्ते मेकिंग, गिफ्ट रैपिंग, प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय की सभी कक्षाओं से बच्चों ने बढ़-चढक़र भाग लिया और माता के प्रति अपनी आंतरिक भावनाओं को अभिव्यक्त किया। बच्चों ने अपने



कर- कमलों से सुंदर कार्ड , पोस्टर और गुलदस्ते बनाकर सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के प्रबंधक बालकृष्ण त्रिपाठी एवं प्रधानाचार्य श्रीमती रागिनी राय ने सभी को मात -मातृ दिवस की बधाई दी और बच्चों की गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी बच्चो को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। विद्यालय के प्रबंधक बाल कृष्ण त्रिपाठी ने बच्चों को मातृ दिवस के बारे में बताते हुए कहा, कि किस प्रकार बच्चों के जीवन में मां की महत्वपूर्ण भागीदारी होती है । उन्होंने कहा की माता बच्चों की प्रथम गुरु होती है जिनसे बच्चा संस्कार सीखता है। प्रधानाचार्या श्रीमती रागिनी राय जी ने बच्चों को बताया कि माता का हृदय प्रेम का सागर, त्याग का महासागर और ममता का ब्राह्मड है। इस अवसर पर निर्देशक सुरेश चंद्र जी डिंपल , कर्मजीत कौर प्रियंका एवं विद्यालय का संपूर्ण स्टाफ मौजूद रहा।

## डीएवी पीजी कॉलेज में वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप की जयंती पर कार्यक्रम का आयोजन




**करनाल।** डीएवी पीजी कॉलेज के एनएसएस प्रकोष्ठ द्वारा महाराणा प्रताप की जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर रामपाल सैनी ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें याद करते हुए कहा कि देशभक्ति से ओत-प्रोत, उनका जीवन हमें मातृभूमि पर अपना सर्वस्व समर्पित करने की सीख देता है। वह भारतीय इतिहास के ऐसे महानायक थे , जिन्होंने अपनी मातृभूमि के मान-सम्मान और स्वाभिमान की रक्षा के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। महाराणा प्रताप की कहानी भारतीय इतिहास में स्वतंत्रता सेनानी और प्रतिरोध के प्रतीक के रूप में याद की जाती है। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप को उनकी वीरता और साहस के लिए जाना जाता है। उन्होंने मुगल बादशाह अकबर की अधीनता स्वीकार नहीं की और मेवाड़ को मुगल साम्राज्य से बचाने के लिए संघर्ष किया। इस मौके पर एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ बलराम शर्मा, डॉ पूनम वर्मा, डॉ राधिका सहित अन्य स्टाफ सदस्य व विद्यार्थी मौजूद रहे।

## राजपूत समाज तन-मन और धन से सेना और सरकार के साथः डॉ. नरेंद्र

■ करनाल में महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाया महाराणा प्रताप का जन्म दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

राजपूत सभा करनाल की ओर से महाराणा प्रताप चौक पर स्थित वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया गया। हर वर्ष की तरह महाराणा प्रताप चौक पर हवन यज्ञ कर प्रसाद वितरित किया।

महाराणा प्रताप जी का चौक फूलों से सजाया गया था। राजपूत सभा करनाल के प्रधान डॉक्टर नरेंद्र प्रताप सिंह, महासचिव एडवोकेट बृजपाल राणा सहित उपस्थित सभी पदाधिकारियों ने सभी देशवासियों को महाराणा जी की जयंती की



**करनाल।** महाराणा प्रताप जयंती पर महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करते राजपूत सभा के पदाधिकारी व अन्य।

शुभकामनाएं दी। प्रधान डॉक्टर नरेंद्र प्रताप सिंह महासचिव एडवोकेट बृजपाल राणा, कैप्टन राजेंद्र सिंह, ईश्वर सिंह राणा व अन्य ने बताया कि 9 मई को महाराणा प्रताप के जन्म दिवस पर राजपूतों के सबसे बड़े गांव सालवन में असंध विधायक योगेन्द्र राणा की अध्यक्षता में राज्य स्तरीय जयंती का आयोजन किया जाना था जिसमें मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी बतौर मुख्य अतिथि पहुंचने वाले थे, लेकिन भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव के मद्देनजर इस बड़े कार्यक्रम को स्थगित किया गया। प्रधान ने कहा की राजपूत समाज तन मन और धन से भारतीय सेना और सरकार के साथ है। इस अवसर पर अजमेर सिंह पंवार, राजेंद्र सिंह ऊंचा समाना, दीपक केरवाली, बिशपाल राणा, भूप सिंह राणा, विजयपाल सिंह, नरेंद्र अमृतपुर, चंद्रशेखर राणा बड़ागांव, देवव्रत एडवोकेट, प्रदीप बीजना, कुलदीप राणा, योगेश कुमार, शेखर राणा,दीपक राणा, दीपक मैनेजर आदि मौजूद रहे।

## जवाहर नवोदय में एनसीसी का 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 114 प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

जवाहर नवोदय विद्यालय, सगा में 7 हरियाणा बटालियन एनसीसी करनाल के तत्वावधान में कमांडिंग ऑफिसर कर्नल केके. वेंकटरमन एवं एडम ऑफिसर एसएस नेगी के मार्गदर्शन में 10 दिवसीय संयुक्त वार्षिक एनसीसी प्रशिक्षण शिविर 114 का शुभारंभ हुआ।इस अवसर पर कमांडिंग ऑफिसर कर्नल के.के. वेंकटरमन ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से बच्चों को अनुशासन, एकता, ड्रिल, मेप रीडिंग, वेपन ट्रेनिंग सहित एनसीसी के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी जा रही है। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान कैडेट्स के व्यक्तित्व विकास और नेतृत्व कौशल पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। शिविर के पहले दिन एनसीसी कैडेट्स को अनुशासन में चलना, हथियारों की जानकारी सहित पॉइंट 22 रायफल के बारे में उसको खोलना जोड़ना



उसकी संभल और सफाई की जानकारी दी गई। इस वर्ग में 35 राजकीय एवं निजी विद्यालयों के 515 एनसीसी कैडेट्स भाग ले रहे हैं

इस अवसर पर सूबेदार मेजर बलराज सिंह, डिप्टी सुपरिंटेंडेंट पाला राम, फर्स्ट ऑफिसर आर.एस. तोमर, लेफ्टिनेंट अशोक कुमार, सेकंड ऑफिसर डॉक्टर केवल कृष्ण, रविंद्र यादव, हितेश गुप्ता, नीलकंठ, रोहतास कुमार, वीरेंद्र कुमार, गोविंद शर्मा, थर्ड ऑफिसर प्रियंका शर्मा, राहुल कुमार, संजय सिंह, सुदेश, केयरटेकर जय राणा, अनीता रावत, कमल, सुरेश सिंह आदि मौजूद रहे।

### जरूरतमंद परिवारों की कन्याओं का सामूहिक विवाह 11 को

**करनाल।** मानव सेवा संघ की ओर से 11 मई को जरूरतमंद परिवारों की कन्याओं का सामुहिक विवाह करवाया जाएगा। विवाह समारोह सुबह 10 बजे शुरू होगा। यह जानकारी मानव सेवा संघ के संचालक स्वामी प्रेममूर्ती ने दी। उन्होंने कहा कि रविवार को चार कन्याओं का विवाह करवाया जाएगा।

इससे पहले संघ 691 कन्याओं का विवाह करवा चुका है। उन्होंने बताया कि समारोह में करनाल विधायक जगमोहन आनंद, मेयर रेणु बाला गुप्ता और पूर्व ओएसडी संजय बठला को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है। कई सामाजिक, राजनीतिक और धार्मिक हस्तियां भी समारोह में नव विवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देने के लिए पहुंचेगी।

### 26 लोक अभियोजक अधिकारियों ने भाग लिया

# ‘तीन नए आपराधिक कानूनों पर प्रशिक्षण संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करनाल

हरियाणा पुलिस अकादमी मधुबन के डॉ एस राधाकृष्णन सम्मेलन कक्ष में ‘तीन नये अपराधिक कानूनों- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023’ विषय पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आज सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम अभियोजन विभाग हरियाणा के तत्वावधान में आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ अरशिन्दर सिंह चावला, निदेशक, हरियाणा पुलिस अकादमी के निर्देश पर उप जिला न्यायवादी सुरेन्द्र कुमार ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की, प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रदेश की विभिन्न इकाइयों से प्रशिक्षण पर आए 26 लोक अभियोजक अधिकारियों ने भाग लिया। मुख्य



■ पुलिस की भांति आप भी आपराधिक न्याय प्रणाली के अभिन्न अंग हैं, आपके पास भी जनता की सेवा करने के अच्छे अवसर : डॉ अरशिन्दर सिंह

अतिथि ने लोक अभियोजन अधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि पुलिस की भांति आप भी अपराधिक न्याय प्रणाली के अभिन्न अंग हैं, आपके पास भी जनता की सेवा करने के अच्छे अवसर है, एक पीडित को न्याय दिलवाने में आप भी अहंम भूमिका निभा सकते है। ये हम सब भलि-भांति जानते हैं कि हम किन परिस्थितियों में काम करते हैं। हमारा ध्येय होना चाहिए कि हर केस में ऐसी सशक्त पैरवी करें कि पंक्ति के अन्तिम जन को न्याय मिले। माननीय न्यायालयों द्वारा दिये गये एतिहासिक फैंसलों व समय-समय पर विभाग द्वारा जारी की गई एस.ओ.पी. के बारे में भी अपडेट रहें, क्योंकि बहुत से मामलों में ये न केवल हमारे लिए सहायक सिद्ध होते हैं अपितु हमारा मार्गदर्शन भी करते हैं। जहां आन - लाईन प्रणाली ने हमारे जीवन को आसान बनाया है वहीं कुछ साइबर क्राईम जैसी चुनौतिया भी हमारे सामने उभरी है, साइबर के इस दौर में हमें साइबर क्राईम के बारे में भी जागरूक होना चाहिए क्योंकि जागरूकता ही इस क्राईम से बचने का उपाय है। यदि आप सजग रहेंगे तो आप दूसरों में सजगता ला सकते हैं।

### भगवान श्री परशुराम का पावन प्रगटोत्सव समारोह रद्द हुआ

**करनाल।** सारस्वत ब्राह्मण सभा की बैठक सेक्टर आठ स्थित भवन में हुई। बैठक में चर्चा करने के बाद आगामी 11 मई को आयोजित किए जाने वाले भगवान श्री परशुराम जी के पावन प्रगोटत्सव समारोह को रद्द कर दिया गया। सभा प्रधान अशोक कुमार ने कहा कि भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध की स्थिति बनी हुई है। ऐसे में सरकार की ओर से लगातार एडवाइजरी जारी की जा रही हैं। सरकार ने ज्यादा कार्यक्रमों को स्थगित या रद्द कर दिया है। देश के सभी नागरिक सरकार और सेना के साथ खड़े हैं। उन्होंने कहा कि इसीलिए सारस्वत ब्राह्मण सभा ने 11 मई को होने वाले कार्यक्रम को फिलहाल रद्द कर दिया है। ईश्वर की कृपा से हालात जल्द सुधरेंगे। कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर फैसला बाद में लिया जाएगा।

### डीएवी स्कूल सेक्टर नौ में मातृदिवस मनाया

**करनाल।** डीएवी स्कूल सेक्टर नौ में मातृदिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। छात्र-छात्राओं ने अपनी मां के लिए सुंदर-सुंदर कार्ड बनाए। कार्डों पर लिखी लाइनें पढक़र मन भावविभोर हो उठा। बच्चों ने अपने मन के भाव जैसे मां भगवान का रूप होती है, मां हमारी दोस्त, पालनहार रक्षक आदि को बड़े ही अच्छे ढंग से उजागर किया। कविताओं के माध्यम से और मां तू कितनी अच्छी है..., अंगुलि पकडक़र चलना सिखाया आदि गीतों पर नृत्य करके समा बांध दिया। नन्हें बच्चों द्वारा किया गया नृत्य कार्यक्रम का आकर्षण रहा।

स्कूल की मुख्याध्यापिका अंजना पांडे ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि हमें माता पिता का आदर करना चाहिए, उनका कहना मानना चाहिए। हमे अपने माता पिता का दिल नहीं दुखाना चाहिए।

## खबर संक्षेप



पानीपत। रेडक्रास को सिलाई मशीन भेंट करते हुए ट्रस्ट के पदाधिकारी।

### श्री फाउंडेशन ने रेडक्रास को भेंट की सिलाई मशीनें

**पानीपत।** उपायुक्त डा.वीरेंद्र कुमार दहिया के निर्देश पर रैडक्रास सचिव गौरव राम करण के मार्ग दर्शन में श्री फाउंडेशन ट्रस्ट पानीपत से डीजीएम देवेन्द्र माथुर व राहुल द्वारा रेड क्रॉस सोसाइटी पानीपत में लडकियों को सिलाई सिखाने के लिए सिलाई मशीन अनुदान में दी गई। जिसके लिए गौरव राम करण ने उपायुक्त डा.वीरेंद्र दहिया व श्री फाउंडेशन का धन्यवाद किया गया। इस अवसर पर राहुल भारद्वाज,डॉ.पूजा, लाल चंद ,मनोज ढांडा,जयपाल व ओमप्रकाश आदि उपस्थित रहे।

### स्टॉक मार्केट पर हुई मीम मेकिंग प्रतियोगिता

**पानीपत।** आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के वाणिज्य व प्रबंधन विभाग में बीबीए द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए मनीत कौर के निर्देशन में स्टॉक मार्केट पर मीम मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सोशल मीडिया के जमाने में मीम्स का चलन खूब बढ़ा है। कई लोग इसको बनाते हैं और सोशल मीडिया पर शेयर करते हैं। युवाओं में इसकी लोकप्रियता बहुत है। इसी चलन को देखते हुए। इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्या डॉ.शशि प्रभा मलिक ने कहा कि तकनीक के इस युग में मीम मेकिंग एक प्रभावशाली माध्यम बन गया है। जिससे विद्यार्थियों की रचनात्मकता को बढ़ावा, सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता, डिजिटल साक्षरता में वृद्धि, मनोरंजन और तनाव मुक्ति, संचार कौशल का विकास हो सकता है।

### जरूरतमंद विद्यार्थियों बांटी वर्दी व स्टेशनरी

**पानीपत।** राजकीय प्राथमिक पाठशाला वार्ड 10 रानी महल के प्रतिभावान व जरूरतमंद 26 विद्यार्थियों को मदद बैंक की तरफ से स्कूल की वर्दी और स्टेशनरी भेंट की गई। कार्यक्रम का आयोजन कबीर धर्मशाला में किया गया। जहां पर विद्यालय के शिक्षक बोधराज और रामनिवास ने मुख्यातिथि विक्की बतरा, चमन गुलाटी व संस्था के सभी सदस्यों का बुके देकर स्वागत किया। चमन गुलाटी ने बताया कि शिक्षक बोधराज ने विद्यार्थियों की जरूरत के बारे में अवगत कराया था। इसलिए आज यह वर्दी व स्टेशनरी भेंट की गई। विक्की बतरा ने कहा कि मदद बैंक शिक्षा, शिक्षार्थियों व स्कूल की मदद के लिए हमेशा तैयार है।

### हड़ताल को लेकर भाकपा व माकपा की बैठक

**पानीपत।** शहीद भगत सिंह स्मारक में केंद्रीय ट्रेड यूनियनों एवं कर्मचारी फैडरेशनों के पर आह्वान पर 20 मई को राष्ट्रव्यापी हड़ताल के समर्थन में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी और भारत की कम्युनिस्ट पार्टी माक्र्सवादी संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाकपा के राज्य सचिव का.दरियाव सिंह कश्यप ने की। संचालन का. सुनील दत्त ने किया। बैठक में माक्र्सवदी पार्टी के जिला सचिव डॉ.सुरेंद्र मलिक, सीपीआई जिला सचिव पवन सैनी एडवोकेट, माक्र्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी जिला कमेटी सदस्य राजपाल व एस ए खान उपस्थित रहे।

### गर्भवती महिलाओं को मिलेगा निःशुल्क खाना

**समालखा।** सामान्य अस्पताल समालखा में गर्भवती महिलाओं का खास ध्यान रखने का बीड़ा समाजसेवी जगपाल जौरासी ने उठाया है। जिसके तहत यहां रोजाना की डाइट में गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए सुबह का हेल्दी नाश्ता, दोपहर का लंच और रात का पौष्टिक खाना उपलब्ध कराने के लिए एसएमओ संजय आंतिल की मौजूदगी में नागरिक अस्पताल में जगह चिन्हित करने पहुँचे। जगपाल जौरासी ने बताया कि अपनी माता स्व.चंद्रो देवी की याद में मदर्स डे के उपलक्ष्य में गर्भवती महिलाओं के लिए पौष्टिक आहार उपलब्ध करवाने के लिए रसोई

## जिलेभर में सम्मान और आदर के साथ मदर्स-डे पर हुए कार्यक्रम आयोजित

# मदर्स-डे पर मां के सम्मान में बच्चों की प्रस्तुतियों ने जमकर बटौरी तालियां

माताओं के लिए कुकिंग विदाउट फायर, रैंप वॉक गतिविधियां में विद्यार्थियों ने सभी को किया सम्मोहित



पानीपत। विद्यार्थियों की माताओं को सम्मानित करते चेयरमैन अतुल जैन व अन्य।



पानीपत। मातृ दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में भाग लेने वाले विद्यार्थी ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

जीडी गोयंका पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस के उपलक्ष्य में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें प्री.नर्सरी से तीसरी कक्षा तक के छात्राओं व उनकी माताओं ने बढ़ चढक़र भाग लिया। आमंत्रित अतिथिगण व माताओं को तिलक लगाकर स्वागत किया गया। माताओं के लिए कुकिंग विदाउट फायर, रैंप वॉक गतिविधियां हुई। नन्हें मुन्नों ने गीत व नृत्य के द्वारा मां की महिमा का गुणगान किया। हार्ट ऑफ होम कक्षा तीसरी से यश की मम्मी ज्योति विजयी रही। बेस्ट ड्रेस्ड नीरू, आर्ट एंड क्राफ्ट में तीसरी कक्षा से विवान की मम्मी आमना, सुपर मॉम कक्षा चौथी के कुंज की मम्मी, डांसिंग दीवा में रचना। मेहंदी प्रतियोगिता में कक्षा दूसरी के निक्सन की मम्मी डिंपल, मॉम एंड मी कक्षा दूसरी से हितांशी की मम्मी सरिता विजय रही। विद्यालय के चेयरमैन अतुल जैन, रिचा जैन, डायरेक्टर मधु अग्रवाल ने सभी को मातृ दिवस की शुभकामनाएं दी और विजेताओं को पुरस्कृत किया। इस अवसर पर प्रधानाचार्या रेणुका अनेजा, वाइस चेयरमैन युवराज जैन, सीए कमल किशोर, एडवाइजर मुस्कान जैन, बलराम शर्मा आदि मौजूद रहे। मंच संचालन सृष्टि और सोनी ने किया।

### एमएएसडी स्कूल में मातृदिवस पर हुए कार्यक्रम

पानीपत। एमएएसडी पब्लिक स्कूल में मातृ-दिवस पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने मातृ दिवस की शुभकामनाएं देते हुए जीवन में मां के महत्व पर प्रकाश डाला। कुछ विद्यार्थियों ने कविताओं के माध्यम से मां के प्रति अपना आभार प्रकट किया। मंच का संचालन कक्षा आठवीं की आराध्या व तन्वी ने किया। प्रधानाचार्या डॉ.बबीता भारद्वाज ने सभी अध्यापिकाओं एवं छात्रों को मातृ दिवस की शुभकामनाएं दी।

## मां है होती है बच्चे की प्रथम गुरुः जगपाल जौरासी

अशोक शर्मा ▶▶| समालखा



मां सिर्फ एक शब्द नहीं बल्कि इमोशन है।क्योंकि उनके प्यार का कोई मोल नहीं है।उनके लिए कुछ भी कर लें तो वह छोटा होगा।अक्सर देखा जाता है कि जब कोई मुसीबत में होता है तो सबसे पहले वह मां को पुकारता है।क्योंकि वह उनके साथ हर तरह की बातें की शेयर कर सकता है।वह अपने आप को उनसे ज्यादा करीब महसूस करता है। उक्त शब्द प्रसिद्ध समाज सेवी जगपाल जौरासी ने अपनी मां स्व.चन्द्रो देवी की याद में मदर डे के अवसर पर कहै। जगपाल ने कहा वैसे तो मां को स्पेशल फील कराने का कोई दिन नहीं होता है लेकिन अगर हम मां के लिए मदर्स डे पर कुछ खास करें तो वह उन्हें ताउम्र याद रखेगी। उन्होंने कहा मां एक ऐसा शब्द है,जिसमें पूरा ब्रह्मांड समाहित है।वह बच्चे की पहली गुरु होती है,जो उसे इस दुनिया में आने से पहले ही जीवन जीने के पाठ सिखाती है।मां की ममता,त्याग,प्रेम और बलिदान की किसी चीज से तुलना ही नहीं की जा सकती। मां का स्थान ईश्वर से भी ऊपर है।हमारी पुराणों-ग्रंथों में मां के रूप को विशेष स्थान दिया गया है।मां एक बच्चे के जीवन में मार्गदर्शक, सहेली और प्रेरणास्त्रोत की भूमिका निभाती है। इतना ही नहीं मां अपने बच्चे के लिए भोजन-पानी, नींद,आराम और खुशी तक छोड़ सकती है।चाहे हम कितने ही बड़े क्यों न हो जाए जब डर लगता है,मन उदास हो या कोई तकलीफ होती है,तो मां की गोद में ही सुकून मिलता है।मां की ममता ऐसी होती है,जो बिना किसी अपेक्षा के सिर्फ देना जानती है।वह हर परिस्थिति में अपने बच्चों के लिए ढाल बनकर खड़ी रहती है।

## कुरुक्षेत्र के सभी अधिकारी, कर्मचारी मुख्यालय पर रहेंगे उपस्थितः डीसी

- अधिकारियों व कर्मचारियों की आकस्मिक,अर्जित व बालक देखभाल की सभी छुट्टियां की रद्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुरुक्षेत्र

उपायुक्त नेहा सिंह ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिले के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को मुख्यालय पर रहना होगा। इसके साथ ही सभी अधिकारी व कर्मचारी अपने मोबाइल को 24 घंटे ऑन रखेंगे। अहम पहलू यह है कि सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के अवकाश को भी तुरंत प्रभाव से रद्द कर दिया गया है। उपायुक्त नेहा सिंह ने जारी आदेशों में कहा है कि मुख्य सचिव हरियाणा के आदेशों की अनुपालना में जिला कुरुक्षेत्र में स्थित सभी कार्यालयों में कार्यरत सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को हिदायत दी जाती है कि कोई भी अधिकारी, कर्मचारी अवकाश स्वीकृत करवाने से पूर्व कार्यालय से अनुपस्थित नहीं रहेंगे और सभी अधिकारी, कर्मचारी मुख्यालय पर उपस्थित रहेंगे। उपायुक्त ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिले में आकस्मिक अवकाश, अर्जित अवकाश व बालक देख रेख अवकाश आदि अवकाश पर गए सभी अधिकारियों, कर्मचारियों का अवकाश तुरंत प्रभाव से रद्द किया जाता है।

### अवैध कॉलोनी में किए निर्माण को किया नष्ट

**कुरुक्षेत्र।** जिला नगर योजनाकार की टीम ने उपायुक्त के आदेशानुसार कुरुक्षेत्र में राजस्व संपदा कुरुक्षेत्र में लगभग 18 एकड़ में पनप रही एक अवैध कॉलोनी को जिला प्रशासन की मदद से तोड़-फोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई। जिला नगर योजनाकार अधिकारी विक्रम कुमार ने जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि राजस्व संपदा कुरुक्षेत्र के गांव खेडी मारकंडा में 18 एकड़ में पनप रही एक अवैध कालोनी में उपायुक्त के आदेशानुसार प्रशासन के सहयोग से तोडफोड़ की कार्रवाई अमल में लाई गई है। डीटीपी विक्रम कुमार ने कहा कि उपायुक्त के आदेशानुसार ड्यूटी मजिस्ट्रेट के नेतृत्व में पुलिस के साथ डीटीपी की टीम ने कार्रवाई की । कुरुक्षेत्र में राजस्व संपदा कुरुक्षेत्र के गांव खेडी मारकंडा में 18 एकड़ में पनप रही एक अवैध कॉलोनी में कच्ची सडकों, डीपीसी व कंट्रोल एरिया में एक अवैध निर्माण को पीले पंजे से हटाया गया।

## बाबा श्याम सेवा समिति की मासिक बस चुलकाना के लिए रवाना, भक्तों में उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। मुख्यातिथि सुभाष जिंदल को सम्मानित करते समिति के सदस्य।

बाबा श्याम सेवा समिति द्वारा आज प्राचीन श्री देवी मन्दिर से चुलकाना धाम के लिए बाबा श्याम के दर्शन के लिए बस रवाना की गई। मुख्य अतिथि सुभाष जिंदल ने नारियल तोडक़र बस रवाना की। वहीं मुख्य अतिथि का समिति के सदस्यों द्वारा फूल मालाओं से व श्याम बाबा का प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया गया। बाबा श्याम सेवा समिति के प्रधान पवन कंसल ने बताया कि समिति हर महीने की चान्दन की द्वादशी को सभी श्याम भक्तों को निःशुल्क दर्शन कराती है। जिसमें संस्था द्वारा आना-जाना व खाना भी निःशुल्क दिया जाता है। इस अवसर पर हरियाणा पत्रकार संघ के अध्यक्ष विनोद पांचाल, मोहन लाल, धर्मेंद्र इंसा, गोबिंद सैनी,अजय ठाकुर,राजिंद्र पाल, दिनेश मितल, ललित मितल प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

## ग्राम पंचायतों को दिए गए सायरन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इसराना



पानीपत। एससीपीओ ज्योति देवी ग्राम पंचायत सरपंचों को सायरन बांटे हुए।

भारत पाकिस्तान के बीच में चल रहे तनावपूर्ण माहौल को देखते हुए इसराना के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में इसराना ब्लाक की सभी पंचायतों को सायरन बांटे गए हैं ताकि गांव में यह सायरन लगा कर गांव वालों को दुश्मन की किसी भी कार्यवाही से पहले आमजन को सचेत किया जा सके। खंड के विभिन्न गांवों में आपातकालीन अवस्था में सायरन बजेंगे। खंड कार्यालय में एसईपीओ ज्योति देवी की देखरेख में 32 ग्राम पंचायतों को सायरन दिए गए हैं। वहीं सरपंचों को एसईपीओ ज्योति देवी ने आपातकालीन समय पर सायरन बजाने व सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों के प्रति समझाया। उन्होंने सरपंचों से आह्वान किया कि वे अपने अपने गांवों में ग्रामीणों को सरकार द्वारा दिशा निर्देशों को समझाए। इस मौके पर एसईपीओ ज्योति देवी, सरपंच सुरेन्द्र सिंह, अशोक कुमार पलडी, नीलम, पूनम, ग्राम सचिव जगबीर सिंह, अजय कुमार व नरेश कुमार शामिल रहे।

### पंचायतों को बांटे आपातकालीन सायरन

**बापौली।** भारत-पाक के बीच तनावपूर्ण माहौल के चलते बापौली व सनौली के खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी कार्यालय में दोनों ब्लाकों की सभी पंचायतों को सायरन बांटे गए। खंड के विभिन्न गांवों में आपातकालीन अवस्था में सायरन बजेंगे। खंड कार्यालय में खंड विकास एंव पंचायत अधिकारी बापौली व सनौली खुर्द शक्ति सिंह के नेतृत्व में एसईपीओ प्रमोद शर्मा की देखरेख में ग्राम पंचायतों को सायरन वितरित किए जाने शुरू कर दिए गए हैं।

### पुलिस ने छात्रों को नशे के नुकसान बताए

**पानीपत।** जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाई गई मुहिम के तहत पुलिस टीम ने आज ब्रहमकुमारीज संस्थान के साथ संयुक्त रूप से गांव किवाना के सरकारी स्कूल में छात्रों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया। अभियान के जिला नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक नरेंद्र कादियान ने कहा कि नशे से शरीर का नुकशान होने के अतिरिक्त पैसों की भी बर्बादी होती है। वहीं समालखा ब्रहमकुमारी सेवा केंद्र की संचालिका किरण व सहयोगी ममता ने छात्रों को नशे के सेवन से होने वाले मानसिक, शारीरिक और सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से बताया। इस दौरान छात्रों को शपथ दिलाई गई कि वे स्वयं नशे से दूर रहेंगे।

## आर्य बाल भारती में महाराणा प्रताप और गोपाल कृष्ण गोखले की जयंती मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी । फोटो : हरिभूमि

राजा महाराणा प्रताप और स्वतंत्रता सेनानी गोपाल कृष्ण गोखले की जयंती व मातृ सम्मान दिवस समारोह आर्य बाल भारती स्कूल में साथ मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ.अशोक आर्य ने की। विद्यालय के प्रधान एडवोकेट रणदीप आर्य ने सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई दी। प्राचार्य डॉ.अशोक आर्य ने कहा कि यह देश उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों, अमर शहीदों और बलिदानियों का सदैव ऋणी रहेगा,जिन्होंने इस देश को आजाद करवाने और देश की आजादी को कायम रखने में अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। शिक्षिका आशा अरोड़ा ने कहा कि छात्रों का चहुंमुखी विकास करने में प्रतियोगिताएं महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती हैं। इसलिए सभी आर्य शिक्षण संस्थाएं समय.समय पर अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित कर बच्चों के सर्वांगीण विकास का प्रयास करती हैं। मातृ सम्मान दिवस पर कार्ड मेकिंग प्रतियोगिता, मातृ सम्मान दिवस पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें रिचा प्रथम, भूमिका द्वितीय और दिशा व सिमरन तीसरे स्थान पर, पोस्टर मेंकिंग में आयुष प्रथम, अभिनव द्वितीय तथा अंशिका तीसरे स्थान पर रहे। जिन्हें मुख्य अतिथि ने सम्मानित किया।

## जंग के समय हम अपनी सेना के साथ खड़े हैं : वीरेंद्र सैनी

- आरएस पब्लिक स्कूल में चेयरमैन वीरेंद्र सैनी ने प्रार्थना सभा में भारत एवं पाकिस्तान के बीच छिड़ी जंग से बच्चों को अवगत करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। विद्यार्थियों से सैनिकों के सम्मान में देशभक्ति के नारे लगवाते चेयरमैन वीरेंद्र सैनी। फोटो : हरिभूमि

सोंदापुर की फौजी कालोनी स्थित आरएस पब्लिक स्कूल में चेयरमैन वीरेंद्र सैनी ने प्रार्थना सभा में भारत एवं पाकिस्तान के बीच छिड़ी जंग से बच्चों को अवगत करवाया तथा भारतीय सैनिकों के प्रदर्शन को सराहने के लिए तथा उनके उत्साहवर्धन के लिए सभी के साथ मिलकर भारत माता के जयकार के उद्घोष किये। उन्होंने कहा कि इस लड़ाई के समय हम भारतीय सेना के साथ खड़े हैं। प्रधानाचार्या ललिता शर्मा ने बच्चों को इस समय घबराने की बजाय सतर्क रहने एवं सुरक्षित रहने की सलाह दी तथा बताया कि जो भी निर्देश सरकार की ओर से दिए जाते हैं उनका पालन करना चाहिए। वहीं मेरी शान तिरंगा है गाने पर सभी शिक्षकगण एवं विद्यार्थियों ने भावपूर्ण तिरंगा लहराया।

### फेक मैसेज व न्यूज शेयर न करें : डीसी

**पानीपत।** डीसी डॉ.वीरेंद्र कुमार दहिया ने आमजन और मीडियाकर्मियों से अपील की है कि राष्ट्रीय सुरक्षा के मद्देनजर किसी भी प्रकार की बिना अधिकृत अथवा अपुष्ट फोटो, वीडियो अथवा न्यूज का संप्रेषण अपने प्रचार माध्यम अथवा सोशल मीडिया पर न करें। साथ ही यदि कहीं कोई ऐसी फेक न्यूज है तो उसे अपने माध्यम से आगे प्रचारित न करें। कोई भी जानकारी सांझा करने से पूर्व उसके तथ्यों की जांच करने सहित केवल प्रशासनिक जानकारी पर ही विश्वास करें।

### युद्ध की स्थिति और तनाव में योग जरूरी : डॉ.सुरेश



**इसरान।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में प्रार्थना सभा उपरांत सभी विद्यार्थियों को योगाभ्यास करवाया गया। शिविर की अध्यक्षता प्राचार्य रोहतास सिंह ने की तथा संयोजन डॉ.रविंद्र शर्मा व भगत सिंह का रहा। राजनीति विज्ञान प्रवक्ता एवं योग प्रशिक्षक डॉ.सुरेश सैनी ने सभी विद्यार्थियों को योग की विभिन्न क्रियाएं करवाई। डॉ.सुरेश सैनी ने कहा कि वर्तमान समय में भारत और पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसी स्थिति बनी हुई है। ऐसे में सोशल मीडिया पर अनेक अफवाहें आ रही हैं व युद्ध की स्थिति को देखते हुए लोगों के मन में डर है। ऐसे समय में तनाव को दूर करने में मन को शांत रखने के लिए योगाभ्यास जरूरी हो जाता है। इस अवसर पर सत्यवान सैनी, अजय शर्मा, राजेश कुमार, संजीव कुमार, जगदीप सिंह, सोमदत्त शर्मा, यशवीर सिंह, सुदेश जागलान, प्रीति देवी, पूजा रानी, रिंपी बराड़, सीमा रानी, बबीता मलिक व पूनम देवी भी उपस्थित रहे।



पानीपत। द्यिार्थियों को माक ड्रिल के बारे बताते हुए वक्ता। फोटो : हरिभूमि

### मॉक ड्रिल से बताया छात्रों को सुरक्षा प्रोटोकॉल

**समालखा।** दिल्ली वल्र्ड पब्लिक स्कूल समालखा में आज आपातकालीन मॉक ड्रिल का आयोजन किया। यह अभ्यास सरकारी सुरक्षा प्रोटोकॉल के अनुरूप छात्रों और कर्मचारियों को किसी भी संभावित आपातकालीन स्थिति के लिए तैयार करने के उद्देश्य से किया गया था। मॉक ड्रिल के दौरान छात्रों और शिक्षकों को आपातकालीन सायरन बजने की स्थिति में शांति और संयम बनाए रखने के लिए प्रशिक्षित किया गया। उन्हें घर के भीतर सुरक्षित स्थानों पर रहने और अफवाहों पर ध्यान न देने के महत्त्व के बारे में जानकारी दी गई। प्रिंसिपल डॉ.अजीत भारद्वाज और स्कूल की प्रबंधक समिति के सदस्यों ने कहा कि इस प्रकार की मॉक ड्रिल छात्रों को किसी भी अप्रिय स्थिति का सामना करने के लिए मानसिक रूप से तैयार करती है।

## हरियाणा भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की कार्यशाला आयोजित

# डीओसी हरिओम मोरनी हिल्स में हुए सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



पानीपत। डीओसी हरिओम को सम्मानित करते राज्य प्रशिक्षण प्रशिक्षक लक्ष्मीनारायण वर्मा। फोटो : हरिभूमि

भारत स्काउट्स एंड गाइड्स हेडक्वार्टर के आदेशानुसार मोरनी हिल्स में भूरी गांव में हरियाणा भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के सभी जिलों के डीओसी और डीटीसी की तीन दिवसीय वर्कशॉप आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता हरियाणा राज्य प्रशिक्षण प्रशिक्षक लक्ष्मीनारायण वर्मा ने की और सभी डीओसी और डीटीसी को भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की नई गतिविधियां और नेशनल हेडक्वार्टर के नए नियमों के बारे में जानकारी दी। पानीपत डीओसी हरिओम ने बताया कि मेरे जीवन का मुख्य उद्देश्य सरकारी स्कूलों में पढऩे वाले बच्चों को भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की गतिविधियों, खेल गतिविधियों और पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक काम करना है। वहीं लक्ष्मीनारायण वर्मा ने डीओसी हरिओम को प्रकृति प्रेमी और पर्यावरण संरक्षक में इनके विशेष योगदान को देखते हुए सर्टिफिकेट और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। डीओसी हरिओम ने भारत स्काउट्स एंड गाइड्स हेडक्वार्टर टीम का धन्यवाद किया और भविष्य में अच्छा काम करने का लक्ष्य लिया।

## खबर संक्षेप

### नेशनल लोक अदालत स्थगित

**अंबाला।** सीजेएम एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव प्रवीण ने बताया कि दूसरी नेशनल लोक अदालत का आयोजन जिला न्यायालय, व सब डिविजन नारायणगढ़ की अदालतों मे 10 मई 2025 को किया जाना था। कुछ कारणों से यह लोक अदालत अगले आदेशों तक स्थगित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि अगली नेशनल लोक अदालत की सूचना जल्द जारी की जाएगी।

### प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**नारायणगढ़।** राष्ट्रीय संसाधन एवं मेरिट छात्रवृत्ति परीक्षा में 2024-25 शैक्षणिक सत्र की छात्रा सानिया के मेरिट में आने पर जिला शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार द्वारा राजकीय माध्यमिक विद्यालय खानपुर राजपूताना के हेड मास्टर सुरेंद्र धीमान को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस विशेष उपलब्धि के लिए छात्रा व उसके अभिभावकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि डीईओ सुधीर कालडा, बीईओ सुदेश बिंदल व सीआरसी हेड मंजू एवं अध्यापकों की मेहनत यह उपलब्धि हासिल हुई है।

### पाक की अकल ठिकाने आ जाएगी

**अंबाला।** भारत के आप्रेशन सिंदूर के बाद भारत और पाकिस्तान के मध्य गोलाबारी बढ़ने पर ऊर्जा परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि जल्द पाकिस्तान की अकल ठिकाने आ जाएगी। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान जो टकराव कर रहा है, हिंदुस्तान से टकराव करना क्या आसान है। हिंदुस्तान पाकिस्तान का वह हाल करेगा कि यह कभी सोच भी नहीं पाएगा। इन्होंने पाकिस्तान में आतंकवाद की फैक्टरियां खोल रखी है जिन्हें भेज कर यह हमारे निहत्थे लोगों को मरवाते हैं।

### कांसापुर में बेटियों का मनाया जन्मदिन

**बराड़ा।** उपमंडल के गांव कांसापुर में महिला एवं बाल विकास विभाग के द्वारा शुक्रवार को सीडीपीओ किरण बाला की अध्यक्षता में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के बारे में एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सभी उपस्थित लोगों को बताया गया कि गांव में लड़कियों की संख्या कम है। इस ज़माने में लड़की लड़कों से किसी भी प्रकार कम नहीं है इसलिए लड़का लड़की में कोई भेदभाव न करके लड़कियों को भी आगे बढ़ने का अवसर दें। कार्यक्रम कर दौरान केक काटकर लड़कियों का जन्म दिन मनाया गया।

### बराड़ाः भव्य समारोह आयोजित

**बराड़ा।** महाराणा प्रताप जी की जयंती के उपलक्ष्य में महाराणा प्रताप नेशनल महाविद्यालय में एक भव्य समारोह का आयोजन अत्यंत उत्साह और श्रद्धा के साथ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण तथा पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। समारोह में मुख्य वक्ता के रूप में महाविद्यालय के इतिहास विभाग के सेवानिवृत्त सह-प्राध्यापक एवं वर्तमान में प्रबंधन समिति के सदस्य केपी सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित किया। उन्होंने महाराणा प्रताप के जीवन संघर्ष, त्याग, स्वाभिमान और मातृभूमि के प्रति निष्ठा को प्रेरणास्त्रोत बताया।

### लूट के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज लूट के मामले में सीआईए-शहजादपुर ने आरोपी भूपेंद्र उर्फ सन्नी व राजबीर सिंह उर्फ हरमन को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को दो दिन के रिमांड पर लिया गया है। परिवादी शहनबाज ने 3 अप्रैल 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि राजू ढाबा हमीदपुर के पास आरोपी ने जान से मारने का भय दिखाकर उससे एक बड़ी रकम लूट ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

---

सुरक्षा को लेकर रविवार तक बंद रहेंगे शिक्षण संस्थान

# हमले के इनपुट से सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट ब्लैकआउट से दूसरे दिन भी रात रही अंधेरी

- इनवर्टर व जरनेटर ने जलने वाली सभी लाइटें 8 से 6 तक बंद रखें
- ड्रोन उड़ाए जाने पर पूरी तरह से पाबंदी, लोगों को डीसी ने घरों में ही रहने की दी हिदायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाक के बीच बने तनाव को लेकर सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट हो गई हैं। एयरफोर्स स्टेशन होने की वजह से अब एजेंसियों की ओर से मिले इनपुट के बाद पूरे जिले में सुरक्षा बंदोबस्त पुख्ता कर दिए गए हैं। रात आठ से सुबह छह बजे तक ब्लैकआउट घोषित किया गया है। इस समय सीमा के भीतर कोई भी व्यक्ति रिहायशी या फिर व्यवसायिक भवनों के बाहर लगी लाइटों का इस्तेमाल नहीं करेगा। स्ट्रीट लाइटें पूरी तरह से बंद रहेंगी। भवनों के भीतर इनवर्टर लाइट भी बंद रहेगी। डीसी अजय सिंह तोमर ने कहा कि सीमा पर तनाव की वजह से सुरक्षा एजेंसियों को काफी इनपुट भी मिल रहे हैं। पड़ोसी मुल्क द्वारा सीमावर्ती क्षेत्रों में ड्रोन, रॉकेट व गोलाबारी भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि सामरिक दृष्टि से अंबाला बेहद संवेदनशील है। यहां पूर्व में हुए युद्ध में भी तो दुश्मन द्वारा बमबारी की गई थी। इसके मद्देनजर सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस, सिविल डिफेंस, आर्मी, वायु सेना के साथ बेहतर समन्वय बनाकर सभी पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी तरह की आपदा से निपटने के लिए प्रशासन के पुख्ता प्रबंध हैं। उन्होंने लोगों से कहा कि किसी आपदा के आने से वे घबराएं नहीं, संयम रखें। प्रशासन की ओर से आदेश भी जारी किए गए है कि रात 8 बजे से लेकर प्रातः 6 बजे तक ब्लैक आउट रहेगा। यह भी सुनिश्चित करें की लाईट की रोशनी बाहर न आए। आउटडोर, स्ट्रीट लाईट या जनरेटर पर कोई भी बाहर की लाइट न जलाएं। घर के अंदर यदि इनवर्टर से या जनरेटर से बिजली की आपूर्ति की जा रही है तो एतिहात के तौर पर दरवाजों व शीशों पर मोटे पर्दे लगाएं ताकि रोशनी बाहर न जा सकें। इसके साथ-साथ दुकानदारों व अन्य प्रतिष्ठानों पर उनकी दुकानों के बाहर जो बोर्ड, सीसीटीवी कैमरों में लाइटें लगी होती है वे जनरेटर या इनवर्टर से कनेक्ट होती हैं इसलिए यह सुनिश्चित रहें की वे भी न जलें।

### धारा 163 के तहत आदेश जारी

**अंबाला।** जिला मजिस्ट्रेट अजय सिंह तोमर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा की धारा 163 के तहत आदेश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के संभावित हवाई हमले के खतरे के संकेत को देखते हुए जिला में सार्वजनिक सुरक्षा और सामरिक हितों की रक्षा के लिए रात के समय पूर्ण ब्लैकआउट सुनिश्चित करना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि धारा 163 के आधार पर प्राप्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिले में सूर्यास्त से सूर्योदय तक (अर्थात रात्रि 8 बजे से सुबह 6 बजे तक) आउटडोर लाइटों, बिल बोर्ड, स्ट्रीट लाईटों आदि के लिए उपयोग किए जाने वाले इनवर्टर, जरनरेटर और किसी भी अन्य पॉवर बैकअप के उपयोग पर अगले आदेश तक पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। रात्रि समय इनका उपयोग किसी भी आतंकवादी या फिर ड्रोन हमले को आमंत्रित करता है।हालांकि इनका उपयोग घर के अंदर भी किया जा सकता है, बशर्ते कि सभी दरवाजे और खिड़कियां मोटे परदे से पूरी तरह से ढके हुए हों। इस आदेश के उल्लघन का दोषी पाए जाने वाले किसी भी व्यक्ति पर बीएनएसएस की धारा 223 के तहत कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी। तोमर ने कहा कि किसी भी संभावित हवाई हमले को देखते हुए लोग सावधानी एवं एहतियात रखें। घर के अंदर रहे और बालकनी से दूर रहे। उन्होंने एहतियातन सभी शैक्षणिक संस्थान जैसे स्कूल, कॉलेज, आईटीआई, पॉलिटेक्निक 9 और 10 मई को बंद रखने के निर्देश दिए हैं।

### ड्रोन पर प्रतिबंध लगाया

उपायुक्त ने यह भी कहा कि ड्रोन पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है। ड्रोन ऑप्रेटरों को स्पष्ट किया गया कि वे ड्रोन न उड़ाए। यदि कोई नियमों की अवहेलना करता है तो उसके खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। जिले को नो फ्लाइंग ड्रोन घोषित किया हुआ हैं। उन्होंने विशेषकर महेशनगर, बलदेव नगर, धूलकोट के क्षेत्र के लोगों से ड्रोन गतिविधि पर नजर रखने का आग्रह किया कि। कहा कि यदि कोई ड्रोन उडा रहा है तो उसकी वीडियो और लोकेशन की सूचना तुरन्त नजदीकी पुलिस चौकी, थाने या पुलिस डायल 112 पर दें। उन्होंने यह भी बताया कि सुरक्षा प्रबंधों के तहत पहले 12 एयर सायरन क्रियान्वित थे। शाम तक 7 और नए एयर सायरन लगा दिए जाएंगे। यानि 19 सायरन क्रियान्वित होंगे। प्रशासन एयरफोर्स की हाटलाइन से जुड़ा हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि एयर सायरन बजने पर यदि कोई चालक गाड़ी चला रहा है तो वह उस समय गाड़ी साईड में पार्क कर ले। रात्रि के समय गाड़ी की भी हैड व अन्य लाइटें बंद कर लें। डीसी ने पत्रकारों को यह भी बताया कि शुक्रवार सुबह 10 बजकर 20 मिनट पर एयर फोर्स द्वारा आपातकालीन आपदा होने की सूचना मिली थी। जिसके तुरन्त सायरन बज गए थे।

### किसी भी तरह की अफवाहों को फैलने न दें

15 मिनट के बाद स्थिति सामान्य हो गई थी। दोपहर के समय धमाका की आवाज होने के सवाल पर उपायुक्त ने कहा कि वायु सेना आधुनिक तकनीक से सशक्त है। वायु सेना द्वारा जो फाइटर जेट उड़ाए थे उनकी गति ध्वनि से भी तेज (सोनिक बूम) होती है। ये आवाज उनकी ही थी। किसी प्रकार का कोई धमाका नहीं हुआ है। उन्होंने मीडिया से भी अनुरोध किया कि वे किसी तरह की अफवाहों को फैलने न दें। जो सटीक व सही जानकारी है उसका ही प्रचार प्रसार करें।उन्होंने यह भी बताया कि वायुसेना द्वारा अलर्ट की सूचना थी उसके मद्देनजर तुरन्त स्कूलों व शिक्षण संस्थानों की छुट्टी कर दी गई थी। शनिवार को भी सभी सरकारी स्कूल के साथ-साथ निजी स्कूल व अन्य शिक्षण संस्थान बंद रहेंगे। रविवार को इस विषय की समीक्षा की जाएगी। इसके बाद ही सोमवार को शिक्षण संस्थानों को खोलने पर कोई निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने इस मौके पर यह भी बताया कि ब्लैक आउट के तहत बाहर कहीं लाइट न जले। उस पर नजर रखने के लिए अंबाला शहर, अंबाला छावनी, बराड़ा व नारायणगढ में वार्ड कमेटियां बनाई गई हैं। इनमें एक कमेटी में तीन सदस्य शामिल होंगे। इनमें निगम या नपा सदस्य , नगर निगम या नगर परिषद का कर्मचारी व स्कूल का मुखिया या अन्य शामिल होगा। कमेटी में शामिल सदस्यों द्वारा इस समय जो हिदायतें बरती जानी हैं। इस बारे वह लोगों से संपर्क करके जागरूक करेंगे।

---

## हर फौजी को दीजिए एक सलामः चित्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

युवा नेत्री चित्रा सरवारा ने जनता से एक अपील करते हुए कहा कि जब भी किसी फौजी भाई को देखें, उसे तहे-दिल से देश के नाम एक सलाम ज़रूर करें। उन्होंने एक वीडियो संदेश के माध्यम से लोगों तक यह बात पहुंचाई। सरवारा ने कहा कि जो लोग सरहदों पर खड़े होकर हमें महफ़ूज़ रखते हैं, उनका हक़ है कि उन्हें आम जनता का खुला इज़्ज़त और मोहब्बत मिले। एक सैल्यूट ही तो है, जो हमारे दिल की क़द्रदानी का सबसे पाक तरीका हो सकता है। उन्होंने समाज के हर तबके से यह अपील की कि वर्दीधारी चाहे फौज में हों या किसी अन्य सुरक्षा बल में, जब भी सामने आएं, उन्हें सम्मान देना हमारी राष्ट्रीय ज़िम्मेदारी है।



**अंबाला।** फौजियों को सलाम करती चित्रा सरवार।

उन्होंने इस मुहिम को 'सलाम-ए-वतन' करार दिया और कहा कि इससे फौजी भाइयों का हौसला बुलंद होगा और अवाम में देशभक्ति का जज़्बा और मज़बूत होगा।

## अदालतों में कामकाज ठप डीबीए ने रखा नो वर्क डे

- वकीलों ने गेट के समक्ष बैठकर वर्क सस्पेंड रखा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव को देखते हुए शुक्रवार डिस्ट्रिक बार एसोसिएशन की ओर से नो वर्क डे रखा गया। इस दौरान कोई भी वकील अदालतों में पेश नहीं हुआ। जिला बार एसोसिएशन अंबाला के प्रधान सतपाल सिंह ने बताया कि एक आपात बैठक शुक्रवार सुबह 9 बजे बुलाई गई थी। बैठक वार जैसी स्थिति के गंभीर रूप से बढ़ने और वादियों, वकील, कर्मचारियों, आम जनता और उनके परिवारों आदि की सुरक्षा चिंताओं पर विचार करने व पंजाब और हरियाणा बार काउंसिल की ओर से लिए गए निर्णय के अनुसार आयोजित की गई। बार एसोसिएशन ने शुक्रवार को नो वर्क डे के रूप में मनाने का फैसला किया गया। वकीलों ने गेट के समक्ष बैठकर वर्क सस्पेंड रखा।

---

माउंट कार्मल इंटरनेशनल स्कूल में 12वीं के छात्रों को दी गई भावभीनी विदाई

## मिस्टर एमसीआई बने हरमन, निखिल को मिस्टर ईव का मिला खिताब

- 11वीं के छात्रों ने शानदार नृत्य मनोरंजक खेल, मधुर गीत और भावपूर्ण संगीत का मिश्रण प्रस्तुत किए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

माउंट कार्मल इंटरनेशनल विद्यालय काठेमाजरा में शुक्रवार को 11वीं कक्षा के छात्रों द्वारा 12वीं कक्षा के छात्रों के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया गया। विद्यालय ने 2024- 25 के कक्षा 12वीं बैच को बड़े उत्साह के साथ विदाई दी। उन्हें नए जोश के साथ अगले आने वाले जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। यह दिन दोस्तों और शिक्षकों के साथ बिताए गए वर्षों को याद करने और खुशी के पलों को याद करने के लिए समर्पित था। ऑडिटोरियम के अंदर कार्यक्रम का शुभारंभ स्वागत भाषण और समूह नृत्य के साथ हुआ। समारोह का मुख्य आकर्षण सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुति थी। कक्षा 11वीं के छात्रों ने शानदार नृत्य प्रदर्शन, मनोरंजक खेल, मधुर गीत और भावपूर्ण संगीत का मिश्रण प्रस्तुत किया सर्वोच्च परिषद के सदस्यों ने अपने गुरुओं और शिक्षकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए भाषण दिए, जिन्होंने इस यात्रा को यादगार बनाने में अमूल्य योगदान दिया था। हरमन को मिस्टर एमसीआई, निखिल को मिस्टर ईव और तनिश को मिस्टर पंक्चुअल का प्रतिष्ठित खिताब भी मिला। सम्माननीय प्रबंधन सदस्य जगदेव सिंह, ललित चानना, विनोद पाहवा और विद्यालय की प्रधानाचार्या सुखविंदर कौर ढिल्लों ने कक्षा 12 के विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लेने और पूर्णता के स्तर को बढ़ाने के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने कक्षा 12 वीं के परिणाम के लिए शुभकामनाएं दी। आने वाले वर्षों में स्कूल के आदर्श वाक्य 'स्वयं से पहले सेवा' को आगे बढ़ाते हुए बाहरी दुनिया में अपनी छाप छोड़ने की कामना की। इसी के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।




**नारायणगढ़।** विदाई पार्टी में प्रस्तुति देती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### शशि प्रभा गांधी के नेत्रदान से दो लोगों को मिलेगी रोशनी

**कुरुक्षेत्र।** मोहन नगर निवासी स्वर्गीय शशि प्रभा गांधी के नेत्रदान से 2 नेत्रहीनों को रोशनी मिलेगी। सामाजिक संस्था हम फाउंडेशन के प्रयास से नेत्रदान करवाया गया। स्वर्गीय श्रीमती शशि प्रभा गांधी के पुत्र सोरभ गांधी एवं पुत्रवधु धीरज गांधी ने बताया कि उनके परिवार की इच्छा थी कि उनकी माता की आंखें किसी नेत्रहीन के काम आए। इसी इच्छा के अनुसार ही आज उनका नेत्रदान करवाया गया। हम फाउंडेशन के संयोजक रामकिशन गुलाटी ने कहा कि हमारे देश में नेत्रों की जरूरतों के हिसाब से नेत्रदानी बहुत कम है। हमे नेत्रदान ना करने के अंधविश्वास से बाहर निकलना चाहिए। हमारे इस दान से दो नेत्रहीनों को रोशनी मिल सकती है। मृत्युपरांत शरीर मिट्टी बन जाता है लेकिन अगर ये किसी के काम आ जाए तो उससे अच्छा कार्य कोई नहीं है। स्वर्गीय शशि प्रभा के परिवारवालों को नेत्रदान करवाना बाकी समाज के लिए प्रेरणा है व अन्य लोगों को भी उनका अनुसरण करना चाहिए। संस्था का प्रयास है कि नेत्रदान के प्रति समाज में जागरूकता आए। आज के नेत्रदान में समाजसेवी संतोष गुलाटी का विशेष योगदान रहा।

---

नपा अध्यक्ष बोले, हर गली-मोहल्ले में नियमित रूप से होगी फॉगिंग

## अब मच्छर-मक्खी से परेशानी नहीं, फॉगिंग से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा

- फॉगिंग के दौरान नगरपालिका कर्मचारी गली-गली घूमे और दवा वाले धुएं का छिड़काव किया

क्षेत्र में बरसात और गर्मी के कारण मच्छरों और मक्खियों की भरमार हो गयी थी। जिससे लोगों का जीना मुश्किल हो गया था। गंदगी और पानी जमा होने के कारण मच्छर-मक्खियाँ तेजी से फैल रही थीं। इससे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया और टाइफाइड जैसी बीमारियों का खतरा बना हुआ था। लोग अपने घरों में भी खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर पा रहे थे। स्थानीय लोगों ने कई बार प्रशासन को इस समस्या के बारे में बताया। नागरिकों की चिंता को देखते हुए नगरपालिका ने शुक्रवार को फॉगिंग अभियान शुरू किया। इसकी शुरुआत नगरपालिका कार्यालय से की गई।, इसके बाद बाजारों, मोहल्लों और मुख्य रास्तों पर फॉगिंग मशीन से दवा का छिड़काव किया गया। फॉगिंग के दौरान नगरपालिका कर्मचारी गली-गली घूमे और दवा वाले धुंए का छिड़काव किया। इसके साथ ही लोगों को यह भी समझाया कि वे अपने घरों के आसपास पानी जमा न होने दें और सफाई का ध्यान रखें। कूलर, पानी की टंकी और गमलों में जमा पानी को समय-समय पर खाली करने की सलाह दी गई ताकि मच्छर न पनपें।



### नागरिक स्वच्छता बनाए रखें और प्रशासन का साथ दें

हाल ही में हुई बारिश के कारण मच्छरों की संख्या बहुत बढ़ गई थी। लोगों की सुरक्षा को देखते हुए हमने तुरंत फॉगिंग शुरू करवाई है। अब हर गली-मोहल्ले में नियमित फॉगिंग की जाएगी ताकि मच्छर और मक्खियों पर काबू पाया जा सके। सभी नागरिक स्वच्छता बनाए रखें और प्रशासन का साथ दें। रजत मलिक, अध्यक्ष, नगरपालिका, बराड़ा

---

कार्यक्रम | डीएवी स्कूल में मातृ दिवस पर आयोजित हुआ शानदार कार्यक्रम, छात्रों ने दिखाई प्रतिभा

## छात्रों ने भावनात्मक प्रस्तुतियों से मां के त्याग समर्पण व प्रेम को उभार कर हर आंख कर दी नम

*स्कूल की रिटायर्ड शिक्षिकाओं ने भी कार्यक्रम में की हिस्सेदारी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के डीएवी पब्लिक स्कूल में मातृ दिवस के पावन अवसर पर एक भव्य और भावनात्मक सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मां के त्याग, समर्पण, प्रेम और जीवन में उसके अमूल्य स्थान को अत्यंत सुंदरता से दर्शाया गया। मंच पर प्रस्तुत कविताओं, भाषणों, गीतों, एकल व समूह नृत्यों ने उपस्थित जनसमूह की आंखों को नम कर दिया। हर प्रस्तुति में मां के प्रति अपार श्रद्धा और संवेदना की झलक दिखाई दी। कार्यक्रम की समस्त सांस्कृतिक प्रस्तुतियां विद्यालय के संगीत विभाग द्वारा तैयार की गईं। शिक्षिकाएं मनजीत कौर, आरती और दिनेश ने इन प्रस्तुतियों को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। बच्चों ने उनके मार्गदर्शन में ऐसा भावनात्मक वातावरण रचा कि सभागार की हर आंख नम और हर मन मां के स्मरण में अभिभूत हो उठा। एकल गीतों में पुलकित और सृजन द्वारा प्रस्तुत गीतों ने मां के बलिदान और निश्छल प्रेम को सुरों में पिरोकर ऐसा वातावरण बना दिया कि पूरा सभागार कुछ क्षणों के लिए स्तब्ध रह गया। कक्षा पांच की छात्रा दिशिता द्वारा प्रस्तुत कविता ने अपनी कोमल संवेदनाओं और भाव-प्रवण वाचन से श्रोताओं के हृदय को गहराई से छू लिया। साथ ही, एक सुंदर समूह गीत में यह संदेश दिया गया कि "मां के लिए हर दिन विशेष है न कि केवल एक दिन" यह गीत सभी के मन को गहराई से छू गया और सबसे ज़्यादा सराहना प्राप्त करने वालों में शामिल रहा। समूह नृत्य की सुंदर और सजीव प्रस्तुति ने कार्यक्रम की शोभा में चार चाँद लगा दिए।

इस विशेष दिन को और भी यादगार बनाने के लिए विद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। कक्षा तीसरी से छठी तक के छात्रों के लिए गिफ्ट रैपिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें बच्चों ने अपनी मम्मियों के लिए खूबसूरत उपहारों को अत्यंत रचनात्मकता से सजाया। कक्षा सातवीं से बारहवीं तक के छात्रों के लिए "वायरलेस फ़ूड फ़िएस्टा" नामक एक विशेष प्रतियोगिता रखी गई जिसमें बिना गैस, चूल्हे या इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के स्वादिष्ट और पोषक व्यंजन प्रस्तुत किए गए। बच्चों की रचनात्मकता, पोषण संबंधी जानकारी और प्रस्तुति देखकर सभी अतिथि भावविभोर हो उठे। गतिविधि प्रभारी कक्षा 3 से 5 के लिए मंजू सचदेवा थी जिन्होंने कहा "मां वह शक्ति है जो बिना कहे सब समझ जाती है। बच्चों की प्रस्तुतियों में मां के प्रति जो भावनाएं थीं, वे अवर्णनीय थी।




**अंबाला।** मातृ दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सेदारी करती छात्राएं। फोटो : हरिभूमि

### मां का स्थान इस सृष्टि में सर्वोच्च

कक्षा 6 से 12 के लिए गतिविधि प्रभारी गौरी वंदना ने अपने भाव प्रकट करते हुए कहा "बच्चों ने जिस आत्मीयता और उल्लास से भाग लिया, वह यह दर्शाता है कि मां के प्रति उनका प्रेम और सम्मान कितना गहरा है। मुख्य अतिथियों के रूप में विद्यालय की सेवानिवृत्त शिक्षिकाएं हरभजन कौर, सुनीता कपूर, प्रभा सैनी एवं शमा शर्मा उपस्थित रही। सभी ने बच्चों की प्रतिभा और समर्पण की मुक्तकंठ से सराहना की।

### केयू हॉस्टल में छात्रों को मिली ऑटोमेटिक वॉशिंग मशीन की सुविधा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के छात्रावासों में रह रहे विद्यार्थियों को ऑटोमेटिक वॉशिंग मशीन की सुविधा मिल चुकी है जिससे विद्यार्थियों को स्वयं कपडे धोने या बाहर से कपड़े धुलवाने की उनकी समस्या का निदान मिला है। इस सुविधा के शुरू होने पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने कहा है कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को सुविधाएं प्रदान करना कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की प्राथमिकता है। विवि ने विद्यार्थियों के हित में सदैव सकारात्मक निर्णय लिए हैं। इसी कड़ी में केयू एलुमनी एसोसिएशन व हायर स्मार्ट सॉल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली के साथ हुए समझौते के अनुसार विश्वविद्यालय के पुरुष एवं महिला छात्रावासों में रह रहे छात्र-छात्राओं के लिए ऑटोमेटिक वॉशिंग मशीन की सुविधा शुरू हो चुकी है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005